अरुस्, अरु, नपुं० भिलावे का तरु, एक वृक्ष का नाम, a kind of tree.

अरुह, अरुह, वि० अर्हत्, पूज्य, to be respectful, • सम्मानित, • अरहंत। संसार से परे। न रोहन्ति भवाङ्कुरोदय मासयन्ति। कर्म बीजा भावादिति (जैन० ल० 125)

अरुप, अरुव, वि० रूप रहित, कुरुप, अमूर्तिक, नहीं दिखने वाला, रूपातीत, निराकार, निर्मल, शुद्ध, ugly, deformed, Dissimilar, unlike, formlessness, deformity unseen, pure.

अरुपध्यानम्, अरुवज्झाणं, नपुं० धर्मध्यान, उत्कृष्ट ध्यान, a great meditation, निराकार ध्यान। सिद्ध स्वरूप रूप, deformity meditation, sidha, आत्मध्यान, meditation of soul.

अरूपी, अरुवी, वि० रूप रहित, अमूर्तिक, निराकार, निराकृति, शब्दादि रहित, अमूर्त द्रव्य। formlessness, deformity, wordless, unseen matter.

अरे, अरे, अव्य० अपने से छोटे को बुलाने के लिए प्रयुक्त शब्द। ईर्ष्या अभिव्यक्ति के शब्द, नीच संबोधन, क्रोधित होकर बुलाना, indeclinable, used for addressing. aniterjection of calling to inferiors.

अरेपस्, अरेव, वि० निर्मल, शुद्ध, पवित्र, निष्कलंक। pure.

अरे रे, अरे रे, अव्य० घृणा सूचक शब्द, अपमान बोधक अव्यय, indeclinable,

अरोक, अरोअ, वि० प्रभा हीन कान्ति रहित, जिसमें चमक न हो, lightless, brightless, • छिद्र हीन, मलिन, unpured.

अरोकदन्त, अरोकदंत, वि० मलिन, दांतों वाला, रोग ग्रस्त दांत वाला, unclean teeth, diseaseful teeth.

अरोग, अरोग, वि० व्याधि रहित, निरोग, free from disease.

अरोगिन्, अरोगि, वि० स्वस्थ नीरोग, व्याधि से रहित, diseaseless, painless.

अरोचक, अरोअअ, वि० जुगुप्सा, अरुचिकर, not tasteful.

अरोषः, अरासो, पुं० शान्ति क्षमा, peace

अर्क्, अक्क, सक० प्रकाशित करना, उष्ण करना, प्रभा युक्त बनाना, to light, to heat, • स्तुति करना, अर्चना करना, to pray.

अर्कः, अक्को, पुं० सूर्य, रवि, तेजस्, तपन, आदित्य, sun, • किरण, प्रभा, चमक, ray, • वह्नि स्फटिक, fire, • तांबा, A ray of light a flash of lightring sun plant copper, • इन्द्र, Indra, • बड़ा भाई, मदार, brother, आक का पौधा, अर्कः क्षुद्र वृक्षः, madar tree, • भरत पुत्र, अर्ककीर्ति राजा, Bharatean, Arkakriti king.

अर्ककीर्तिः, अक्ककित्ति, पुं० अर्ककीर्ति राजा। भरत चक्रवर्ती का पुत्र। a king of Arkkriti, Son of Bharata, • सूर्य प्रभा। रविदीप्ति। sun light.

अर्कजौ, अक्कओ, पुं० अश्विनीकुमार, Asvinikumar.

अर्कचन्दनः, अक्कचंदणो, पुं० red sandal.

अर्कतनयः, रक्तचंदन, लाल चंदन, अक्कतणओ, पुं० सुग्रीव, कर्ण, शनि।

अर्क-तपस्, अक्कतव, पुं० सूर्य की ताप, sun heat, • सूर्य का प्रताप।

अर्क-पदम्, अक्कपदं, नपुं० अर्ककीर्ति की समीपता, nearest to Arkakriti.

अर्कपुत्री, अक्कपुत्ती, स्त्री० यमुना नदी। River of yamuna.

अर्कराजन्, अक्कराआ, पुं० अर्ककीर्ति राजा, a king.

अर्कसूत्रम्, अक्कसुत्तं, नपुं० रक्त किरण, सूर्य तेज, red rays, sunlight.

अर्कबन्ध, अक्कबंधु, पुं० गौतम मुनि, बौद्ध प्रवर्तक, a saint of gautam.

अर्कव्रतः, अक्कवओ, पुं० माघ शुक्ला सप्तीम व्रत, सूर्य सिंचन व्रत, sun religious act.

अर्कसोदरः, अक्कसोअरो, पुं० ऐरावत हस्ति, Airavat elephant, Indra's elephant.

अर्काश्मन्, अक्कस्स, पुं० सूर्यकान्तमणि, sun diamond.

अर्गलः, अग्गलो, पुं० सांकल, सिटकनी, व्योंडा, bolt, bar, restraint.

अर्गला, अग्गला, स्त्री० द्वार बंद करने की सांकल, कुंडी, किल्ली, जगड़ी, आगल, restraint of door, bolt the doors., • दुर्गा पाठ, Durga praise.

अर्गलिका, अग्गलिआ, स्त्री० सांकल, छोटी आगल, bolt bar.

अर्घ्, अग्घ, अक० मूल्यवान् होना, मूल्य रखना, valuable. to cost to be worth to have value.

अर्घः, अरघो, पुं० मूल्य। पूजा। अर्चना, value, price, pray, आह्ति, जल चन्दनादि अष्ट द्रव्य का योग। water-sandal etc., presented to a guest.

अर्घ्य, अग्घ, वि० पूज्य, अर्चित, मूल्यवान, valuable, respectful.

अर्घ्यम्, अग्घं, नपुं० अर्चन, पूजन, समर्पण, समादर, praising, respecting.

अर्च्, अच्च, अक० पूजना, अर्चना करना, to worship, • स्मरण करना, • सत्कार करना। अभिवादन करना, to rembera, to respect.

अर्चकः, अच्चगो, वि० पूजा करने वाला, पूजक, पुजारी, अर्चक, आराधक, स्मृतिकर्ता, • स्तुतिकारक, a worshipper, remmeber.

अर्चनम्, अच्चणं, नपुं० पूजन, स्मरण, समादर। स्तुति, worshipping, remembering, • भक्ति। उपासना।

अर्चना, अच्चणा, स्त्री० पूजा, भक्ति, आराधना, उपासना, worship.

अर्चनीय, अच्चणिज्ज, वि० पूजनीय, समादरणीय, आराधनीय, to be worshipped.

अर्चा, अच्चा, स्त्री० पूजा, आराधना, शक्ति, स्तुति, worship.

अर्चावसानम्, अच्चावसाणं, नपुं० पूजा समाप्ति, विसर्जन, ended of worship.

अर्चिः, अच्चि, स्त्री० ज्वाला, अग्नि, दीप्ति, flame, fire, ray of light, • प्रभा।

अर्चिष्, अच्चि, वि० प्रदीप्त, प्रज्ज्वलित, flamed, lighted.

अर्चिस्, अच्चि, स्त्री० अग्निशिखा, दीप्ति, ज्वाला किरण, सूर्य, तेज, अग्नि, flame, ray of light, sun ray, fire, • दाहजुत जाला समूहो। • आगासमणुगआ उड्ढजुता सिहा अग्गिसिहा अच्ची।

अर्चिष्मत्, अच्चिस्स, पुं० सूर्य, दिनकर, दीप्ति, अग्नि, Sun, ray of light, fire,

अर्च्य, अच्च, वि० पूजनीय, आराधनीय, पूज्य, to be worshipper.

अर्ज्, अज्ज, अक० उपार्जन करना, उपलब्ध करना, प्राप्त करना, कामना, संग्रह करना। to gain, to earn, संस्कारित करना, to preparation.

अर्जक, अज्जग, वि० पूजक, संस्कारित, उपार्जन करने वाला, संग्रह कर्ता, worshipper, culturer, acquiring.

अर्जनम्, अज्जणं, नपुं० संग्रहण, उपार्जन, प्राप्ति, उपलब्धि, अधिग्रहण, संचयन, gaining, earning, acquisition.

अर्जित, अज्जिअ, वि० उपार्जित, संग्रहीत, एकत्रित, earned, gained.

अर्जुनः, अज्जुणो, पुं० पाण्डु राजा का तृतीय पुत्र, कुन्तीपुत्र, a name of Arjuna, Son of Kunti, • मयूर, धवल, peacock, white,

bright, एक वृक्ष विशेष। प्रभा, कान्ति, चमक, a kind of tree.

अर्जुनतरु, अज्जुणतरु, पुं० कीहावृक्ष, धन्वितरु, a kind of tree.

अर्जुनी, अज्जुणी, स्त्री० तिनका, तृण, small grass, • नेत्र रोग, eye disease, morning time, a river, kutni cow, • ऊषा, एक नदी। कुटनी गाय।

अर्णम्, अण्णं, नपुं० नीर, जल, एकछन्द का नाम, water, a meter.

अर्णः, अण्णो, पुं० अर्णवृक्ष, सागौनतरु, a kind of tree, • वर्णमाला का एक अक्षर। ऋ वर्ण, Sal tree, a kind of word.

अर्णवः, अण्णवो, पुं० सागर, समुद्र, ocean sea, • एक छंद विशेष, a meter

अर्णवतरि, अण्णवयरि, पुं० पोत, जहाज, ship.

अर्णवपोतः, अण्णवपोओ, पुं० पीत, जहाज, ship.

अर्णस्, अण्णं, नपुं० नीर, उदक, water.

अर्णसांश, अण्णसंस, वि० जलांश, नीर भाग, water part.

अर्णस्वत्, अणस्स, वि० गहरा जल, treasure of water deep water, पानी की पूर्णता युक्त स्थान। deep waterful place.

अर्णोदः, अण्णोदो, पुं० मेघ, बादल, cloud.

अर्तनम्, अत्तणं, नपुं० आर्त्त, पीड़ा, खेद, pain, • जुगुप्सा, निन्दा, तिरस्कार, • अपमान, शोक, censure.

अर्ति, अत्ति, स्त्री० कष्ट, दुःख, पीड़ा, खेद, निंदा, तिरस्कार, pain, blane, • अशान्ति, unpeace.

अर्तिकः, अत्तिगो, पुं० पीठी, एक विशेष भोज, a sweet eat.

अर्तिकथा, अत्तिकहा, स्त्री० निंदककथा, दुःखान्त सूचक कथन, blameful story, painful thought.

अर्तिका, अत्तिगा, स्त्री० नाटक में ज्येष्ठ भगिनी। नाम विशेष, sister in drama's.

अर्तिकोदयः, अत्तिकोदओ, पुं० दुःख दूर करना। पीड़ा का अंत, gone of pain, painless.

अर्तिहानि, अत्तिहाणि, स्त्री० पीड़ाशान्त। व्याधि की समाप्ति, painless, anxietyless, diseaseless.

अर्थ्, अत्थ, सक० प्रार्थना करना, स्तुति, मांगना, याचना करना, to pray, to beg, • अनुरोध करना, प्रयत्न करना, to invite, चाहना, कामना करना, समर्थन करना, to wish, to support.

अर्थः, अत्थो, पुं० अर्थ, धन, वित्त, संपत्ति, weather, property, • विषय, इच्छा, चाह, कामना, wish, • प्रयोजन, हेतु, कारण, cause, purpose, • वस्तु, पदार्थ। thing, • उद्देश्य, लक्ष्य, aim, लाभ, profit, • फल, अभिप्राय, purpose, • कुशल, योग्य, सार्थक, use, • अभीष्ट, यथार्थ, उचित, great, • चतुर्थ पुरुषार्थ में द्वितीय पुरुषार्थ-अर्थ। सर्व प्रयोजन सिद्धि रूपोऽर्थः। • अर्यते इत्यर्थः - जिसे उपार्जित किया जाता है वह अर्थ है। • अज्जंते गम्मंते दुवालस - विसय - पयोजणे - जिससे द्वादशांग विषय के प्रयोजन की ओर गति की जाती है या उसके अभिप्राय तक जाया जाता है वह अर्थ है। • द्रव्य स्थिति - जो एक पर्याय की प्राप्ति (उत्पाद) पूर्व पर्याय का विनाश (व्यय) और स्थिति से युक्त होता है, वह अर्थ है। • दव्वाणि गुणाणिं च पज्जाया अत्थो। • अत्थोत्ति झेओ झायणिज्जो झायव्वो परत्थ - दवियं च। • दव्वाणि गुणा तेसिं पज्जाया। • अत्थो त्ति अत्थकिरिया समत्थो भावो। • अज्जए गम्मए णायए णिच्छयए य स - पर - गोयर - विसयं सो अत्थो एव समस्त प्रयोजन का आधारभूत कारण अर्थ है। • अभीष्ट वस्तु का कथन अर्थ है। • आगम वचनों का आश्रय लेना अर्थ है। • संजायए जस्स बुद्धि अत आगम - विसएसुं सो वि अत्थो। for what purpose motive, reason, ground, means indicated, substance.

अर्थम्, अत्थं, नपुं० धन, सम्पत्ति, वित्त, wealth, property.

अर्थकथा, अत्थकहा, स्त्री० अर्थकथा, धन संपत्ति का

कथन। धनोपार्जन संबंधी कथा, propertyful thought.

अर्थकर, अत्थयर, वि० लाभदायक, प्रयोजन भूत। उचित भाव युक्त, purpose ful.

अर्थकरणम्, अत्थकरणं, नपुं० नाना प्रकार के उपायों का प्रयोजन, purpose of many kind.

अर्थकर्ता, अत्थ-कत्ता, वि० द्वादशांग के विषय का विवेचन करने वाला, Aagam's thought.

अर्थनामः, अत्थनामो, पुं० कृपण, कंजूस, धनेच्छुक, वित्ताभिलाषी, a miser, desirous of wealth of wealth, a greedy.

अर्थकुलः, अत्थकुलो, पुं० धनसंचय, परिग्रह, इच्छा, आसक्ति, earning of property.

अर्थक्रिया, अत्थकिरिया, स्त्री० सार्थक कार्य का कारण। • अर्थस्य ज्ञानस्य क्रिया करणं निष्पत्तिः (जैन० 127), • पयोजण भूअ-करणं किरिया। • वत्थुतच्च-णिप्फती किरिया, cause of wealthful work, cause of knowledge.

अर्थगौरवम्, अत्थगारवं, नपुं० पदार्थ या वस्तु तत्त्व की गंभीरता। अर्थ की महत्त्वपूर्ण प्रतिपत्ति। depth of meaning, importance of money.

अर्थहन्, अत्थण्ण, वि० व्यय युक्त, अर्थ का अपव्यय, wasting money, extravagent.

अर्थचर, अत्थचर/अत्थअर, वि० अर्थ का चलायमान होना। धन का चलना। going to aim, going of wealth, • अर्थ - विषयगत एवं प्रयोजन भूत रहस्य की ओर चर-गति करने वाला। • अत्थेसु पयोजण - भूअ - विसएसुं अत्त - आगम - सिद्धंत - रहस्सेसुं पउति - जुतो।

अर्थज, अत्थज, वि० अर्थ - आप्त आगम के रहस्य को आधार बनाने वाला, consideration of Aapta-Aagama's purpose.

अर्थजम्, अत्थजं, नपुं० अर्थज सम्यग्दर्शन, • अर्थमात्र से वस्तु तत्त्व के प्रति श्रद्धान उत्पन्न करने वाला, understanding the matter with wealth only.

अर्थजात, अत्थजाउ, वि० रहस्य को प्राप्त, प्रयोजन भूत कारणों में प्रवृत्त हुआ। gone of real nature, gone in aimful causes.

अर्थजातिः, अत्थ-जाइ, स्त्री० धन संग्रह, • पदार्थ की उत्पत्ति wealth collection, born of objects.

अर्थतस्, अत्थओ, अव्य० अर्थात्, या, माने, or.

अर्थद, अत्थअ, वि० धन देने वाला, वित्तदाता। द्रव्य प्रदाता, given up wealth.

अर्थदण्डः, अत्थदंडो, पुं० प्राणी पीडाजनक प्रारंभ, - अनर्थदण्ड, निष्प्रयोजन सताना, - अत्थो ति आरंभो तस्स दंडो णिगाहो वहो विणासो धाओ ति। beginning of life painful.

अर्थदानम्, अत्थदाणं, नपुं० धनदान, • वस्तु का दान। अर्थ संग्रह, परिग्रह, given of things.

अर्थदूषणम्, अत्थदूसणं, नपुं० अन्याय से धन कमाना। व्यर्थ का परिग्रह रखना, earning with faultful wealth, • अति व्यय करना, takin of wealth of without aims, • अपव्यय करना। अयोग्य पात्र को धन देना।

अर्थदोषः, अत्थदोसो, पुं० तत्त्व में त्रुटि, जीव को अजीव, अजीव, को जीव मानना, fault of matter, • अर्थ में दोष करना A literary fault। अपव्यय। अधिक संचय, अर्थ - धन का समुचित उपयोग नहीं करना, doing not use of wealth.

अर्थनयः, अत्थणओ, पुं० वस्तु को विषय करने वाला नय, subject ful naya, • नैगम, संग्रह, व्यवहार और ऋजुसूत्र ये चार अर्थनय हैं। • अर्थ को अर्थात् वस्तु के प्रयोजन को विषय बनाने वाले नय। • भेद से अभिन्न वस्तु का ग्रहण। • सद्दत्थ - णिरवेक्खा अत्थणया (ज० ध० 1/223), • शब्द के अर्थ का निरपेक्ष ग्रहण, • अभेद रूप से सम्पूर्ण वस्तु स्वरूप का ग्रहण, • अत्थपसुहो णओ अत्थणओ, a naya, one understanding the cause.

अर्थना, अत्थणा, स्त्री० प्रार्थना, अनुनय, विनय। याचना, मांग, prayer, request.

अर्थनादः, अत्थणाओ, पुं० वर्णों का नाद, स्वरागत संगीत दृष्टि, sound of words.

अर्थनिबन्धनम्, अत्थणिबंधणं, नपुं० अर्थ संग्रह, परिग्रह, संचय। धनाश्रय। धनग्रहण। accumulation of wealth, taking of wealth.

अर्थ निश्चयः, अत्थ-णिच्छओ, पुं० अर्थ निर्धारण, cleanness of meaning, • आप्त एवं आगम के अनुसार अर्थ - विवेचन को स्पष्ट करना, visibility of the objects described with Aapta and Aagamas.

अर्थनिर्यापणा, अत्थ-णिज्जावणा, स्त्री० सूत्रार्थ का निर्वाह, • अर्थ निर्णय तक पहुँचना, • सूत्र के अभिधेय को समझाना। knowing of object cause.

अर्थपतिः, अत्थवइ, पुं० कुबेर, धनपति, राजा। Kubera-lord of wealth a rich person.

अर्थपदम्, अत्थपअं, नपुं० अर्थोपलब्धि, knowledge of meaning, • अर्थ परिज्ञान। जेतिएहिं अक्खरेहिं अत्थोवलद्धी होदि तं अत्थपदं। (धव० 9/196), • उदाहरण सहित अर्थ एवं उसके पद का विवेचन। giving of with reference purpose and thing.

अर्थपर्यायः, अत्थ-पज्जाओ, पुं० वृद्धि-हानि रूप पर्याय। अगुरु-लघु रूप पर्याय। turning of growing-ungrowing.

अर्थप्रयोगः, अत्थपजोगो, पुं० ब्याज पर धन देना, asury, investment.

अर्थप्राप्तिः, अत्थपत्ति, स्त्री० धन प्राप्ति, • रहस्य की जानकारी, • विषयगत विवेचन की प्ररुपणा। know of wealth, taked of subjectful.

अर्थभारः, अत्थभारो, पुं० धनसंग्रह, परिग्रह। संचयन। धन को बोझ, accomulation of wealth.

अर्थभृत्, अत्थभिअ, पुं० वेतन भोगी, भृत्य, नौकर, payable servant.

अर्थरुचिः, अत्थरुइ, स्त्री० तत्व रुचि, वस्तु स्वरूप के प्रति श्रद्धा भाव। आप्त, आगम, आदि के अर्थ पर श्रद्धा, उसके रहस्य पर प्रसन्नता होना।

अर्थलोभः, अत्थलोहो, पुं० धन की लालसा, धनेच्छा, धन-सम्पत्ति का संग्रह करना। greed of money, taking of anything, without aim, • परिग्रह बढ़ाना।

अर्थवादः, अत्थवाओ, पुं० प्रशंसा, mere praise, • तत्त्वश्रद्धा। पदार्थ या वस्तु का यथार्थ विवेचन, explanation of the everything.

अर्थविकल्पः, अत्थवियप्पो, पुं० अर्थ तोड़ना, वस्तु तत्त्व के रहस्य के प्रति विकल्प रखना, अर्थ प्रयोजन में दोष लगाना, knowing of faultful words, unknowing the meaning of a word.

अर्थविज्ञानम्, अत्थ-विण्णाणं, नपुं० अर्थशास्त्र, विनिमय-व्यावार आदि का विज्ञान। यथार्थ जानने का संकल्प, economics, treatise on practical life, • संसय-विपज्जयास - मोहाओ विप्पमुत्तं काऊण वत्थसरुव - सम्म - णाणं।

अर्थ-विनयम्, अत्थ-विणअं, नपुं० आसन देना, सम्मान करना, giving seat, giving respect, • स्थित रहना, समीप उपस्थित होना, standing, • धन-सम्पत्ति प्राप्ति हेतु विनय, standing of wealth cause, • वस्तु स्वरूप के ज्ञाता के प्रति विनय। standing of thing known.

अर्थव्यञ्जनम्, अत्थविंजणं, नपुं० नैगम नय का भेद - जिसमें अर्थपर्याय और व्यञ्जनपर्याय सम्बन्धी निर्णय होता है। cleanness of meaning, who naya Arthavayanjana.

अर्थवेत्ता, अत्थन्वेत्ता, वि० अर्थशास्त्र का ज्ञाता, known of economics, • धन-संपत्ति से भिज्ञा अर्थशास्त्र वेत्ता, • वस्तु स्वरूप को जानने वाला, knowing of real thing, • पदार्थ या तत्व की वास्तविकता को अभिव्यक्त करने वाला।

अर्थव्ययः, अत्थविअओ, पुं० धन व्यय, संपत्ति का खर्च। expenditure of wealth.

अर्थशालिन्, अत्थसालि, वि० धन युक्त, वैभवशाली, ऐश्वर्यवान्, सत्ताधारी, having wealth.

अर्थशास्त्रम्, अत्थ-सत्थं, नपुं० अर्थशास्त्र, क्रय-विक्रय, विनिमय, व्यापार आदि का ग्रन्थ, economics, • चाणक्य जैसे मनीषियों के द्वारा बनाया अर्थनीति संबंधी ग्रन्थ। wealthness act.

अर्थशास्त्रज्ञ, अत्थसत्थण्हु, वि० अर्थनीति विशेषज्ञ, knowing of wealthact.

अर्थशुद्धिः, अत्थसुद्धि, स्त्री० शब्द शास्त्र संबंधी नियमों पर विचार। अर्थ आधारित निरूपण का सम्यर्क प्रयोग। a thought in word meter act, • शब्दों के अर्थ का जहाँ सही प्रयोजन हो, true use of word purpose, • सूत्रार्थ के सम्यक् स्वरूप का प्रतिपादन।

अर्थ-शौचम्, अत्थ-सोअं, नपुं० लेन-देन में उचित व्यवहार।

अर्थसमः, अत्थसमो, पुं० अर्थ अधिकार। द्वादशांग वाणी के अर्थ का विषयगत विवेचन, word lesson, subjectful knowledge, twelved Angas, • आगम - सुत्तत्थ-सम्म-विसय - परुवणा। • श्रुत स्वयंबुद्ध द्वारा प्रतिपादित विषय का जानना।

अर्थसमयः, अत्थसमओ, पुं० अर्थ सिद्धान्त, अर्थनीति, a act of aim, • पाँच अस्तिकाय द्रव्य समुदाय। • वस्तु स्वरूप समवाय। five thing matter.

अर्थसंक्रान्तिः, अत्थ-संकंति, स्त्री० वस्तु स्वरूप का चिंतन, knowing of real thing, • एक पर्याय से दूसरी पर्याय पर। चित्तवृत्ति का गमन।

अर्थसम्बन्धः, अत्थ-संबंधो, पुं० अर्थ से प्रयोजन। वाक्यार्थ से सम्बन्ध। purpose of word.

अर्थसिद्धः, अत्थसिद्धो, पुं० अर्थ संग्रह में तत्पर। परिग्रह संचय में प्रसिद्ध। attached in accumulation, • प्रचुर मात्रा में अर्थ के प्रति आसक्ति।

अर्थागमः, अत्थागमो, पुं० अर्थ का प्राप्ति धनागम। वित्त संचय का भाव, income, • अर्थागम - आगम के सूत्रागम और अर्थागम ये दो भेद हैं, उनमें प्रयोजन भूत अर्थ का जहाँ कथन होता है, वह आगम अर्थगम है। one who knows the real sense so Arthagama.

अर्थाचारः, अत्थायारो, पुं० अर्थनीति, अर्थविचार, सूत्रग्रन्थों का पाठ करना, act of wealth, word think, learning of, • नय आश्रित अर्थ का अभिप्राय जानना, knowing of nayaful purpose.

अर्थात्, अत्था, अव्य० याने, क्योंकि, फिर निःसंदेह, वस्तुतः, ऐसा है, इस तरह का है, through meaning, as a matter.

अर्थातिशयः, अत्थाइसयो, पुं० अर्थ की गहराई, शब्दार्थ का रहस्य, deep of word aim.

अर्थानुबन्धः, अत्थाणुबंधो, पुं० अर्थ का सम्बन्ध। शब्दार्थ के साथ अनुबन्ध। अर्थ की सार्थकता, relation of word aim, • अर्थ/रहस्य का उद्घाटन।

अर्थान्तरम्, अत्थंतरण्णासो, पुं० अलंकार विशेष, A figure of speech in which a general proposition is adduced to suppor a particubr instance जिसमें सामान्य से विशेष का और विशेष से सामान्य का साधर्म्य या वैधर्म्य द्वारा समर्थन किया जाता है। adduction of another object, • किसी उक्ति को सिद्ध करने के लिए जहाँ युक्तिपूर्वक किसी अन्य अर्थ को प्रस्तुत किया जाता है। • सामण्णं च विसेसे य तं अण्णेण समत्थए। • जुत्तिं सिद्धत्थ - जुत्तितं अण्णत्थं समुपत्थए। Another meaning different meaning another cause.

अर्थापत्तिः, अत्थावत्ति, स्त्री० उत्पन्न अदृष्ट दृष्टि की कल्पना। self evidence, • न कहे गए अर्थ का समझना, • एक प्रमाण विशेष, जिसमें छह प्रमाणों द्वारा जाना गया अर्थ जिस अदृष्ट पदार्थ के बिना संभव नहीं है, उसकी कल्पना। • जिसमें एक बात कहने से दूसरी बात की सिद्धि अपने आप हो जाती है। • एक बात के कथन

से अन्य कथन को सिद्ध करके दिखला जाता है। seen one thought another thought, अर्थापतिरियं चिन्तामेयान्यापोहनोहनम्। (सिद्धि वि० 3/6)। an inference from cirlumstinces, A figure of speech.

अर्थापतिदोषः, अत्थावत्ति-दोसो, पुं० अभीष्ट अर्थ में अनिष्ट की उपस्थिति होना। being of faultful nature.

अर्थायक्रिया, अत्थाअ-किरिया, स्त्री० अनेषणीय आहार को ग्रहण करना, taking of food without take, • रोग ग्रसित होने पर निषिद्ध भोजन आदि को ग्रहण करना। taking of faultful food in desease.

अर्थावग्रहः, अत्थावग्गहो, पुं० व्यक्त पदार्थ को अर्थावग्रह कहते हैं। अवग्रह, ईहा, अवाय और धारणा के अर्थ को प्रकट करना। being of thing to be done, • व्यक्तग्रहणमर्थावग्रहः (स०सि० 1/18), • अत्थस्स ओग्गहो अत्थोग्गहो। • अप्राप्त पदार्थ के ग्रहण का नाम अर्थावग्रह है। • अपतत्थग्गहणमत्थोग्गहो।

अर्थिकः, अत्थिगो, पुं० भिखारी, याचक, desire for wealth, • भाट, • चारण। bard, minstret.

आर्थिक, अत्थिअ, वि० इच्छुक, चिल्लाने वाला। पुकारने वाला, भिक्षुक, भीख मांगने वाला, desiring, wishing, begring.

अर्थित, अत्थिअ, वि० प्रार्थित, याचित, मांगा गया, applied with, praised.

अर्थिता, अत्थिआ, स्त्री० प्रार्थना, याचना, इच्छा, अभिलाषा, prayer, beg, wish.

अर्थिन्, अत्थि, वि० इच्छुक, सेवक, भिखारी, याचक, सहायक, धनी, प्रार्थी, desiring, servant, beger, • पक्ष रखने वाला, candidate, an applicant.

अर्थय्, अत्थअ, वि० योग्य, सम्यक, समीचीन, यथेष्ट, suitable, judicious, rich.

अर्थ्य, अत्थ, वि० न्यायसंगत, चाहने योग्य। पण्डित, judiciousful, • धनवान, to be wished learned rich.

अर्थ्यम्, अत्थं, नपुं० शिलाजीत, a medicine.

अर्द्, अद्द, सक० दुःख देना, पीड़ित करना, to pain, to torment, • प्रहार करना, मारना, to kill. to hurt, to strike to beg, to reaust, to ask.

अर्दनम्, अद्दणं, नपुं० कष्ट, दुःख, pain, • पीड़ा, व्याधि, रोग। मांगना, disease, • गमन, go, • हनन, kill, • मारना।

अर्दनि, अद्दणि, वि० पीड़ाकारी, कष्ट दायी। painful, killful.

अर्दनिः, अद्दणि, स्त्री० अग्नि, fire, • यन्त्रणा, • व्याधि, रोग, desease.

अर्दित, अद्दिअ, वि० रुग्ण, रोग, disease, • दुःखित, पीड़ित, व्याकुलित, pained, afflicted.

अर्ध, अद्ध, वि० आधे में बंटा हुआ, दो हिस्सों में विभाजित, equal. Half, froming a half.

अर्धम्, अद्धं, नपुं० आधा, एक के दो भाग, half, equal.

अर्धः, अद्धो, पुं० टुकड़ा, भाग, हिस्सा, अंश, part, place, region, side.

अर्धक, अद्धअ, वि० आधा, अर्ध भाग वाला, half.

अर्धकृत, अद्धकिअ, वि० आधा किया गया, विभाजित किया गया, half done, half drawn out.

अर्धगंगा, अद्धगंगा, स्त्री० कावेरी नदी। a river of kaveri.

अर्धगुच्छः, अद्धगुच्छो, पुं० चौबीस लड़ियों का हार, a necklaces fo 24 strings.

अर्धचन्द्र, अद्धचंदो, पुं० अष्टमी का चन्द्र। half moon, • अर्धचन्द्र हार, एक नक्षत्र, • बाण, arrow with its head, like half moon, • गलहत्था, • सानुनासिक चिह्न, seizing by the throat.

अर्धचन्द्रकृति, अद्धचंदकिइ, स्त्री० अर्ध चन्द्र रूप रचना। making of half moon.

अर्धचन्द्राकार, अद्धचंदाआर, वि० अर्धचन्द्र के आकार युक्त, half moonful.

अर्धचोलकः, अद्धचोलणो, पुं० अंगिया, चोली, ब्रा। a woman, chest cover.

अर्धदिनम्, अद्धदिणं, नपुं० आधा दिन, मध्याह्न, half day.

अर्धनाराच, अद्ध-णाराओ, पुं० अर्धचन्द्राकार बाण, making of half moon arrow, • एक संहनन, शरीर की बनावट। making of body, • जिस कर्म के उदय से अस्थिबन्धन में हड्डियों का एक भाग मर्कटबन्ध युक्त और दूसरा भाग कील से भेदा गया है।

अर्धनारीश्वरः, अद्धणारीसरो, पुं० शिव, महादेव, • शिव और पार्वती की मूर्ति। A from of siva-holf male and halffemale.

अर्धनिशा, अद्धणिसा, स्त्री० आधी रात, mid night.

अर्धपञ्चाशत्, अद्धपंचास, पुं० पच्चीस, • पचास का आधा। twenty five.

अर्धपथम्, अद्धपहं, नपुं० छोटा मार्ग, कंटक मार्ग, • निम्न पथ, having half a side, low way.

अर्धप्रहरः, अद्धप्पहरो, पुं० आधा प्रहर, • डेढ़ घण्टे का समय, half one time.

अर्धभागः, अद्धभागो, पुं० आधा भाग, half a portion, sharing half.

अर्धभाज्, अद्ध भाज, वि० आधे की भागीदार, receiving half a portion.

अर्धभास्करः, अद्धभस्सरो, पुं० मध्याह्न काल, दोपहर, mid day, • दिन का मध्य समय।

अर्धमाणवः, अद्धमाणवो, पुं० बारह लड़ियों का हार, a necklace of twelve part.

अर्धमागधी, अद्धमागही, स्त्री० अर्धमागधी भाषा मगध के अर्ध भाग में प्रचलित प्राकृत भाषा, जो आर्श भाषा कही जाती है। a prakrita used in the arca of Madhya pradesh of Magadha, • महावचनों की भाषा, a language of big thoughts, • अठारह देशी भाषाओं में से एक अर्धमागधी भाषा, a Ardhamagadhi bhasa in eighteen Bhasa's one.

अर्धमार्गः, अद्धमग्गो, पुं० अर्धमार्ग, छोटा पथ, • लघुमार्ग। half way.

अर्धमार्गे, अद्धमग्गे, अव्य० मार्ग के मध्य में। in mid way.

अर्धमासः, अद्धमाहो, पुं० एक पक्ष, पन्द्रह दिवस, रात्रि का काल, fortnight.

अर्धमासिक, अद्धमासिअ, वि० पाक्षिक, lasting half a month.

अर्धमुष्टिः, अद्धमुट्ठि, स्त्री० अच्छी मुट्ठी, आधा बंद हाथ। half closed hand.

अर्धयामः, अद्धजामो, पुं० अर्धप्रहर, half one time, mid time.

अर्धरजनी, अद्धरयणी, स्त्री० आधी रात, mid night.

अर्धर्चः, अद्धच्चो, पुं० वेद मंत्र की आधी ऋचा, half verse, hemistich.

अर्धवदः, अद्धवओ, पुं० अधूरा कथन, half think.

अर्धविसर्गः, अद्धविसग्गो, पुं० अर्ध ध्वनि, जिह्वामूलीय ध्वनि, half sound.

अर्धवीक्षणम्, अद्ध-विक्खणं, नपुं० कटाक्ष, तिरछी चितनन, अर्धदृष्टि, • कनखी, side glance, side look.

अर्धव्यासः, अद्धवासो, पुं० अर्धाकार, वृत में केन्द्र से परिधि तक की दूरी, half of figure.

अर्धशतम्, अद्धसयं, नपुं० पचास सौ का आधा। fifty.

अर्धशरीर, अद्धसरीरो, पुं० देहार्ध, half body.

अर्धशरीरा, अद्धसरीरा, स्त्री० पत्नी, भार्या, अर्धांगिनी, wife.

अर्धशशि, अद्धससि, पुं० अर्धचंद्र, half moon.

अर्धशेषः, अद्धसोसो, पुं० आधा भाग, half part, अर्धपाद। श्लोक की आधा हिस्सा, • दो चरण, a metre of which half part.

अर्धश्लोकः, अद्धसिलोओ, पुं० आधा श्लोक, काव्य के दो चरण, half of a verse.

अर्धसमः, अद्धसमो, पुं० आधा समूह, half group.

अर्धसमय, अद्धसमओ, पुं० आधा समय, half time.

अर्धसहित, अद्धसहिअ, वि० आधे से युक्त, halfness

अर्धसौम्य, अद्धसोम्मो, पुं० अर्ध चन्द्र, half moon.

अर्धाङ्गम्, अद्धंगं, नपुं० आधा अंग, अर्धदेह, half body.

अर्धाङ्गिन्, अद्धंगि, स्त्री० पत्नी, भार्या, wife.

अर्धाक्षिन्, अद्धक्खि, नपुं० कटाक्ष, नेत्र फड़कना, • नेत्रों का चलना, side glance, side look.

अर्धावभदेकः, अद्धावहएगो, पुं० आधे सिर की पीड़ा, pain of half head.

अर्धांशः, अद्धंसो, पुं० आधा भाग, half part.

अर्धाशनम्, अद्धासणं, नपुं० आधा भोजन, एकासन, • ऊनोदर, half eating, eating of one time.

अर्धित्, अद्धि, पुं० भागीदार, हिस्सेदार, अर्ध भाग को लेने वाला, retating, to half.

अर्धेन्दु, अंद्धिंदु, स्त्री० अर्धचंद्र, अष्ठमी का चन्द्र, half moon.

अर्धोरुकम्, अद्धोरुगं, नपुं० साड़ी नारियों के पहिनने का वस्त्र, saree

अर्प्, अप्प, सक० देना, रखना, समर्पित करना, सौंपना, to see, to look, to give.

अर्पणम्, अप्पणं, नपुं० सौंपना, देना, giving back, • दान। डालना, • रखना, placing upon, • प्रदान करना।

अर्पणा, अप्पणा, स्त्री० रखना, सौंपना, देना, giving back.

अर्पणीय, अप्पणीय/अप्पणिज्ज, वि० क्षेपणीय, putting upon, setting upon, inserting, प्रक्षेपणीय, प्रदत्त, आदान युक्त। समर्पित, to be gived.

अर्पा, अप्पा, स्त्री० give up, placing upon.

अर्पित, अप्पिअ, वि० समर्पित, दिया गया, प्रदत्त किया गया, placed, offered, presented.

अर्पितः, अप्पिओ, पुं० निदर्शित, निर्देश प्राप्त, • प्रयोजन के आधार पर जो वस्तु विवक्षा से मुख्यता को प्राप्त हो। • अनेकान्तिक दृष्टि से प्रस्तुत करना। • अर्पितं निदर्शितमुपातं विवक्षितमित्यनर्थान्तरम्। (जैन० ल० 132), gived of most ful.

अर्पितभावः, अप्पिअभावो, पुं० मुख्य भाव, प्रमुख प्रति पादन, most nature, placed thought.

अर्पित-मंत्रम्, अप्पिअमंतं, नपुं० निर्दिष्ट मंत्र, योग्य मंत्र, offered mantra.

अर्पितशाप, अप्पिअसाव, वि० आविद्ध, घायल हुआ। बंधा हुआ। injured, bonded.

अर्पितस्थानम्, अप्पिअट्ठाणं, नपुं० निर्दिष्ट स्थान, • उचित आसन, placed place, high seat.

अर्पिसः, अप्पिसो, पुं० हृदय, mind. the heart, flesh in the hearth,

अर्ब्, अब्ब, अक० वध करना, मारना, चोट पहुंचना। घायल करना, to kill, to injure.

अर्बुदः, अब्बुओ, पुं० अर्बुदगिरि, आबूपर्वत, • माउण्ट आबू। mount Abu, a mountain of Abroad, • दस करोड़ की संख्या। a ten crore, serpent, cloud, • सर्प, • मेघ

अर्भः, अब्भो, पुं० शिशु, छोटा बालक, boy, • सर्दी, शीत ऋतु, दर्भ कुश, तृण। cold.

अर्भकः, अब्भओ, पुं० लघु, सूक्ष्म, छोटा, small, • क्षीण, कृश। • मूर्ख, • बालक, boy, lean, thin, weak, foolish, • बौना, ठिगना, बच्चा, शिशु, lightless, child, • दर्भकुश, • तृण, a kind of holygrass.

अर्य, अय्य/अज्ज, वि० उत्तम श्रेष्ठ, • प्रधान, • प्रमुख, great, most, chief.

अर्यः, अय्यो/अज्जो, पुं० आर्य, स्वामी, • प्रभु, • नायक, lord vaisya.

अर्यमन्, अज्जम, पुं० • सूर्य, रवि, sun, • मदारलता, • पितृदेव, अर्य श्रेष्ठ, मिमीते, chief of the pitrs.

अर्यमा, अज्जमा, वि० उदय को प्राप्त होने वाला, • उदय गत, riseful.

अर्याणी, अय्याणी/अज्जाणी, स्त्री० वैश्य स्त्री, वणिक् नारी, vaisya woman.

अर्वटम्, अव्वडं, नपुं० खाक, अश्क, horse.

अर्वटी, अव्वडी, स्त्री० घोड़ी, horse woman.

अर्वन्, अव्व, पुं० इन्द्र, शक्र, पुरंदर, • घोड़ा, अश्व, Indra, sakra, purindar horse.

अर्ववरः, अव्वरो, पुं० उत्तम अश्व, श्रेष्ठ घोड़ा, great horse.

अर्वाच्, अव्वा, वि० पीछे, निकट, समीप, इसी ओर आते हुए, posterior.

अर्वाचीन, अव्वाईण, वि० प्रतिकूल, पीछे, new modere not ancient, • पैदा हुआ, • नूतन, • अद्यतन, आधुनिक, वर्तमान, • उल्या, विरोधी।

अर्वान्, अव्वा, वि० निम्न, नीच, • अधम, lower.

अर्वान्, अव्व, पुं० अश्व, घोड़ा, horse.

अशंस्, अस्स, नपुं० बवासीर, piles, suffering from piles.

अर्शिस्, अस्सि, वि० अर्शरोग, वाला बवासीर युक्त।

अर्ह्, अरह, अक०, सक० पूजना, अर्चना करना, सम्मान देना, to worship, to pray, to respect, to live, to deserve, to be capable of, • रहना। योग्य होना, समर्थ होना।

अर्ह, अरह, वि० योग्य, पूज्य, deserving, claiming, • सम्मानीय, उपयुक्त, उचित, श्रेष्ठ, entitled, justified in, fit, • पूजा योग्य, अधिकार योग्य। शक्य समर्थ, worshiped, capableful.

अर्हः, अरहो, पुं० भगवंत, • सुरोत्तम, • इन्द्र, Bhagvant, surotatam, Indra, घातिकर्म रहित, • वंदन, नमन, पूजन, गुरु उत्तम, • तेरहवें गुणस्थानवती सयोगी, ghaikamrasless, bowing, reverenining, sayogi.

अर्हच्छरणम्, अरहस्सरणम्, नपुं० अरहंतशरणं, उत्तम शरण, • श्रेष्ठतम, shelter of Arhant, great shelter.

अर्हणम्, अरहणं, नपुं० पूजा, सम्मान, • आराधना, अर्चना, prayer, respect.

अर्हणीय, अरहणिज्ज, वि० पूज्य, to be pared.

अर्हत्स्तवनम्, अरहत्थवणं, नपुं० अरहंत स्मरण, अरहंतों की पूजा, praise of Arahant, • जिन पूजन, • वीतराग स्तवन, Praising of Jina, vitraga praising.

अर्हत्, अरह, वि० पूज्य, सम्माननीय, अरहंत पद, विनायक, to be respected, rank of Arahant, • अहेत् प्रभु। god of Arhant.

अर्हतः, अरहओ, पुं० अरहंत, घातियां कर्म रहित प्रभु। पंच परमेष्ठियों में प्रथम परमेष्ठी। Arahant, ghatikarma's less god, first parmesthi, • बुद्ध, Buddha, • शिव, Siva.

अर्हद्भावः, अरहभावो, पुं० सम्यक्त्व गुण युक्त भाव, a natar of samyaktva ful.

अर्हद्वर्णजननम्, अरहवण्णजणणं, नपुं० विसंवांद रहित वचन। unfaultful, thought,

अर्हन्, अरहो, पुं० अरहंत, • चार घाति कर्म रहित शरीरी, प्रभु, Arahant, four karmless bodyness lord, • स्वामी, नाथ। lord.

अर्हन्तः, अरहंतो, पुं० अरहंत, पूज्य। सम्मान, • अर्चनायोग्य। Arahant, respected, to be praised.

अर्हा, अरहा, स्त्री० पूजा, अर्चना, worship, homage.

अल्, अल, अक० योग्य होना, समर्थ होना, to able.

अल्, अल, सक० सजाना, अलंकरण करना, to decorate, to prepare.

अलः, अलो, पुं० बिच्छू का डंक, • हरताल, biting by a scorpion, a meditation.

अलम्, अलं, अव्य० भूषण, • पर्याप्त, काफी। हटाना, इन्कार करना, इतना ही, रहने दो। अधिक, योग्य, decorate, capable, enough, heavy.

अलकः, अलओ, पुं० केश, कच, curly, hair, • श्वान, कुत्ता।

अलकनंदा, अलअणंदा, स्त्री० गंगा, कुमारी, ganga.

अलका, अलआ, स्त्री० अलकापुरी, इन्द्रपुरी, कुबेर की नगरी। Kumari, Alkapuri, Indrapuri, name of the capital of Kubera.

अलकाधिपः, अलकाहिवो, पुं० कुबेर, Kubera.

अलकापुरी, अलकापुरी, स्त्री० कुबेरनगरी, capital of Kubera.

अलकावली, अलआवली, स्त्री० केशावली, केशराजि। hair group.

अलक्तः, अरत्तो, पुं० लाल रंग, • महावर, रागिमा, लालिमा। red colour.

अलक्षण, अलक्खण, वि० दुर्भाग्य, लक्षण रहित, having no good marks, • अलंकरण विहीन। decoration less, • अशुभ, अपशकुन, bad sign.

अलक्षणम्, अलक्खणं, नपुं० अशुभ, अपशकुन, bad sign.

अलक्षित, अलक्खिअ, वि० अनावलोकित, अदृष्ट, • अदर्शित, not worth seeing, not to be difined, unnoticed, unmarked.

अलक्ष्मी, अलक्खी, स्त्री० दरिद्रता, धनाभाव, निर्धनता, misfortune, ill luck, poverty.

अलक्ष्य, अलक्ख, वि० अज्ञात, उद्देश्यविहीन। unknown.

अलक्ष्यगतिः, अलक्खगइ, स्त्री० उद्देश्यहीन गति। one whose gone not known.

अलगर्दः, अलगद्दो, पुं० पानी का साँप, जल सर्प, serpent of water.

अलघु, अलहु, वि० दीर्घ, विस्तृत, बड़ा, • महत्, विशाल, • उन्नत। अनल्प, large, great, not insignificent, not light, not small.

अलघुकर्मन्, अलहुकम्मं, नपुं० उत्तम कर्म, • श्रेष्ठ कार्य, great karm, best work.

अलघु-गृहम्, अलहुबोहं, नपुं० विशालघर, • प्रासाद, large house, palace.

अलघुचन्द्रः, अलहुचंदो, पुं० पूर्णचन्द्र, पूर्णिमा का चंद्र, full moon.

अलघु-जन्मन्, अलहुजम्मो, पुं० उन्नत जन्म, • श्रेष्ठ जन्म। great born.

अलघु-तटम्, अलहुतडं, नपुं० विस्तृत तट, फैले हुए किनारे, high-bank.

अलघु-दानम्, अलहुदाणं, नपुं० परम दान, पात्रोचित दान, great given up, • श्रेष्ठ दान।

अलघु-भावोः, अलहुभावो, पुं० उत्तम परिणाम, मनोज्ञ भाव, great quality, great nature.

अलङ्करणम्, अलंकरणं, नपुं० आभूषण, आभरण, सजाना, decoration, ornament.

अलंकरणयुक्त, अलंकरणजुत्त, वि० सौम्य, लावण्य युक्त, adorned, charmful, • शोभनीय, • प्रशंसनीय।

अलङ्करिष्णु, अलंकरिण्हु, वि० शृंगारित, विभूषित, decorated, • शृंगार करने वाला।

अलङ्कारः, अलंकारो, पुं० आभूषण, आभरण, decoration, ornament, • काव्य में मनोरंजन को उत्पन्न करने वाला साधन। figures of speech, • अलंकुणेइ त्ति अलंकारो - जो शब्द और अर्थ से काव्य की शोभा बढ़ाता है वह अलंकार है। अलंकारों से शब्द और अर्थ सौन्दर्य की अभिव्यक्ति होती है। • कव्वस्स अलंकुणेइ सव्वबुड्ढिं च। • अंग के विभूषित करने वाले अलंकरण, नूपुर, किंकिणी, कंगन, अंगूठी, बिजायठ, हार, कंठश्री, वेसर, बिछिया, पायजेब, टीका, शीर्षफूल आदि। • जिस पद्धति से काव्य में रोचकता उत्पन्न हो। figures of speech in poetics.

अलङ्कारकः, अलंकारओ, पुं० आभूषणं, आभरण। ornament.

अलङ्कारगृहम्, अलंकारगिहं, नपुं० आभूषण शाला, अलंकरण घर, • सजावट स्थान, आभूषण आपण। decorated house, ornament shop.

अलङ्कुर्वन्, अलंकुव्व, वि० अलंकारक, अलंकृत करता हुआ। decorater.

अलङ्कृ, अलंकर, सक० सुशोभित करना, विभूषित करना। सजाना। शृंगारना, to decorate, to prepare.

अलङ्कृत, अलंकिअ, अलंकिइ, वि० अलंकार गुण युक्त, decorateful, • विभूषित। • उपमादि अलंकारों से युक्त, with upama etc. figure of speechful.

अलङ्कृति, अलंकिइ, स्त्री० आभूषण, decorate, आभरण, ornament, light, • शोभा, • कान्ति, • प्रभा, आभा, • शृंगार, • प्रसाधन, bright.

अलंघन, अलंघण, वि० ओधक, लंघन वाला, • बहुत दिनों सेन खाया हुआ, • उल्लंघन नहीं करने वाला, not eated many days.

अलंघनीय, अलंघणिज्ज, वि० उल्लंघन नहीं करने योग्य, to be not eated.

अलजः, अलजो, पुं० एक पक्षी का नाम, a name of bird.

अलज्जरः, अलजरो, पुं० मर्तवान् वर्नी, an earthen jar, an earthen pot, • घड़ा। मिट्टी का पात्र, • मटका।

अलंजी, अलंजी, स्त्री० अक्षिरोग, eye disease.

अलंजीविक, अलंजीविअ, वि० जीविका में समर्थ, capable of working.

अलंतराम्, अलंत, अव्य० पर्याप्त, यथेष्ट, अधिक,

बस हो गया, enough, • सक्षम, समर्थ, capable.

अलंपुरुषीण, अलंपुरिसीण, वि० योग्य पुरुषा, able man.

अलम्पट, अलंपड, वि० छल रहित, fraudless, लोभरहित, • पवित्र, • श्रेष्ठ, pure, great.

अलम्बि, अलंबि, वि० धारक, अवलोकिन, • दर्शित। आधारित, seed, showed.

अलम्बुषः, अलंबुसो, पुं० वमन, छर्दि, • हथेली, bomiting, hand part.

अलय, अलय, वि० अविनश्वर, नित्य, शाश्वत, • इधर-उधर भटकने वाला। all ready, all time, • इधर-उधर भटकने वाला।

अलले, अलले, अव्य० शब्द विशेष। पिशाच भाषा, kind of word, pisach word.

अलवालम्, अलवालं, नपुं० क्यारी का स्थान, धौवला।

अलस्, अलं, अक० कान्तिहीन होना, अशोभित होना, अलंकार रहित होना। to unlight, to undecorate.

अलस्, अलस, वि० आलसी, उदासीन, सुस्त • क्रियाहीन। थका हुआ, • निष्क्रिय उद्यम विहीन। inactive, idle, feeble, wealth, workless.

अलसक, अलसो, पुं० पैर रोग, पाद, • व्याधि। a disease of foot, disease of feet.

अलसक, अलसअ, वि० अकर्मण्य, आलसी, • उद्यम रहित, inactive, lessy, workless.

अलसा, अलसा, स्त्री० एक प्रकार की लता, a creeper.

अलातम्, अलाअं, नपुं० कोयला, आधे जले जुए हुए काष्ठ, fire brand, जलते हुए काष्ठ, अंगार, इंगाल। अलायं णाम उम्मुआहिअं पंजरलियं (जैन० ल० 132)।

अलाबु, अलाबु, स्त्री० आल, लौकी, • तुम्बी, • गडेलु, the bottle, gaurd, vessel made of bottle-gaurd.

अलाबुफलम्, अलाबुफलं, नपुं० लौकी, • कट्टहल, तुम्बीफल। the bottle gourd, long gourd.

अलाभ, अलाह, वि० लाभ रहित, इच्छित पदार्थ की प्राप्ति न होना। non-obtainment, • संक्लेश रहित, not porfitable, • लालसा विमुक्त, painless, wishedless, happiness, • संतुष्ट।

अलाभ-परीषहजयः, अलाहपरीसहजओ, पुं० विद्यमान-अविद्यमान आदि की प्राप्ति से संतुष्ट, happiness with greating, • संतुष्ट चेता, happinessful mind.

अलारम्, अलारं, नपुं० कपाट, किवाड़, द्वार, दरवाजा, door.

अलिः, अलि, पुं० भौंरा, भ्रमर, • षट्पद। bee, • कौबा, • कोयल, • मदिरा, • मद्य, a crow, cuckoo, wine, a scropion, • बिच्छू।

अलिकम्, अलिअं, नपुं० ललाट, शिर, मस्तक, forehead.

अलिक, अलिअ, वि० मिथ्या, असत्य, • झूठा, unpleasant, untrue.

अलिककुदुम्बिनी, अलिअ-कुटुंबिणी, स्त्री० भ्रमरी, • षट्पदी। bee woman, six feet ful bee.

अलिकुलम्, अलिउलं, नपुं० भ्रमर, समुदाय, bee group.

अलिकोचित, अलिओइअ, वि० ललाट प्रान्त युक्त, foreheadful.

अलिगर्दः, अलिगद्दो, पुं० पानी का सर्प, a water snake.

अलिङ्ग, अलिंग, वि० चिह्न रहित, लक्षणशून्य, पहचान से रहित, signless.

अलिजिह्वा, अलिजिब्भा, स्त्री० कोमल तालु, गले के अंदर का कौवा, a crow of under throat.

अलिञ्जरः, अलिंजरो, पुं० मटकी, घड़ा, नांद, मिट्टी का गोलाकार पानी भरने का पात्र, an earthen jar, a roundful earthen water pot.

अलिनागः, अलिणागो, पुं० भ्रमर, षट्पट, bee a sixfeetful bee.

अलिनिनादः, अलिणिणाओ, पुं० षट्पद, गुंजार, sound of bee, as gun-gun.

अलिपकः, अलिवओ, पुं० कोयल, • भ्रमर, • श्वान, cuckoo, bee, dog.

अलिप्सा, अलिच्छा, स्त्री० अनिच्छा, कामना रहित,

unwish, • मौन, silence, happiness, • शान्त, • प्रसन्न।

अलिबलम्, अलिबलं, नपुं० भ्रमरशक्ति, power of bee.

अलिमकः, अलिमओ, पुं० मेंढक, • भ्रमर, • कोयल, • कमल की केसर, पद्म पराग, frog, bee, cuckoo, saffron, lotus saffron.

अलिमाला, अलिमाला, स्त्री० भ्रमर पंक्ति, षट्पद समूह, bee row.

अलिसमूहः, अलिसमूहो, पुं० भ्रमर समुदाय, षट्पद पंक्ति, bee row.

अलीक, अलीअ, वि० मिथ्या, झूठा, असत्य, untrue, • अल्प, थोड़ा, unpleasant, false, • अरुचिकर, अप्रिय, अहितकारी, unhappy.

अलीकम्, अलीअं, नपुं० ललाट, माथा, मस्तक, स्वर्ग, • ऊपरी भाग, head, heaven, upper part.

अलीककथा, अलीअ-कहा, स्त्री० मिथ्या कथा। दूषित कथन, असत्य कथा, unpleasant story, • मिथ्याव्यापार। untrue story, false nature.

अलीक-जनः, अलीअजणो, पुं० मिथ्याजन। असत्यजन, unpleasant person.

अलीकध्यानम्, अलीअझाणं, नपुं० असत्यध्यान। meditation of untrue.

अलीकभावः, अलीअभावो, पुं० मिथ्या फल, • असत्य परिणाम। a result of untrue, object of unpleasant.

अलीक-भाषणम्, अलीकभासणं, नपुं० झूठा उपदेश, • धर्म विरूद्ध कथन, unpleasant thought.

अलीकवचनम्, अलीअवयणं, नपुं० मिथ्या वचन, कु प्रवचन, unpleasant thought.

अलीकवादिन्, अलीअवाइ, वि० मिथ्या प्रलापी। असत्य कहने वाला, thinked of unpleasant, asked of untrue.

अलीकिन्, अलीइ, वि० अप्रिय कहने वाला, asking of unlove.

अलु, अलु, स्त्री० लुटिया, छोटा घड़ा, • डबुआ, कलशी, a small pot, a small pot.

अलुक्, अलुग, पुं० पूर्वपद समास, • जिसमें पूर्वपद की विभक्ति का लोप न हो। in the preceding pada samas, post pada precis compound, नास्ति विभक्तेः लुक् लोपो यत्र।

अलुब्धक, अलुद्धग, वि० लोभ रहित, not, covetous.

अलुब्धकः, अलुद्धगो, पुं० बहेलिया, Baheliya.

अलून, अलूण, वि० नहीं कटा हुआ, वृद्धिगत, not cut, growthful.

अले, **अलेले**, अले/अलेले, अव्य० अरे, ऐ, अए। मागधी, पैशाची प्राकृत में प्रायः, यही प्रयोग होता है। in Magadhi prakrit used for addressing Ale.

अलेपंक, अलेवग, वि० निष्कलंक, शुद्ध, pure.

अलेवडम्, अलेवडं, नपुं० छाछ आदि का आहार, • जो हाथ में लिप्त न, ऐसा आहार। a king of eating, who no handing.

अलेश, अलेस, वि० लेश्या रहित। षड्लेश्यातीता अलेश्याः। (धव० 1/390), lesyaless, unfraud nature.

अलेश्य, अलेस, वि० लेश्या रहित, unfraud, • सिद्धि युक्त, मुक्ति प्राप्त, श्रयिक लब्धि वाला, salvationful, supernatural power.

अलोकः, अलोओ, पुं० लोक के बाहर का भाग, अलोकाकाश, • जिसमें जीवादि पदार्थों का अवलोकन नहीं होता है। • अलोकस्तु धर्मास्तिकायादिवियुक्तः। (जैन० ल० 34), a part of common talk.

अलोकनम्, अलोयकं, नपुं० अदर्शन, अन्तर्ध्यान। invisibility, disappearane.

अलोकाकाशः, अलोआगासो, पुं० अलोकाकाश, लोक में परे अलोकाकाश, शुद्ध अलोक, व्योमात्मा केवलं, the highest region where the jiva dwell after being unreleased from karman.

अलोल, अलोल, वि० लोलुपता रहित, शान्त, प्रसन्न,

not wished, one without desire, steady, stable. firm, steady not fickle, not thiosty free from desise.

अलोलुप, अलोलुव, वि० आशा विहीन, निरपेक्ष, निराकांक्षी, without desireful. free frp, desore.

अलौकिक, अलोइअ/अलोइग, वि० लोकोत्तर, असाधारण, अद्‌भुत, लोक में सर्वोत्तम। not current in world, unusual, supernatural.

अलौकिकी, अलोइगी, स्त्री० लोकोत्तरा, not current in world, super natural.

अलौक्य, अलोक्क, वि० निरपेक्ष, आकांक्षा से रहित। अलोलुप, undesire, free from greed.

अल्प, अप्प, वि० थोड़ा सा, बहुत कम, small little, • किंचित्, कुछ, सूक्ष्म, लघु, • परिमित, • मर्यादित। small little, minute, unimportant.

अल्पक, अप्पग, वि० लघुतर, छोटा। परिमित, smaller, little ful.

अल्प-कर्मन्, अप्पकम्मं, नपुं० लघु कर्म, क्षीण कर्म, small karman, with declined, karman.

अल्प-कषायः, अप्पकसाओ, पुं० क्षीण कषाय, कषायों की कमी, passion of worn away, going to an end of passion.

अल्पकामः, अप्पकामा, पुं० किंचित् इच्छा। थोड़ा सा भी विकल्प, small desire, unimportant part.

अल्पकोवः, अप्पकोवो, पुं० किंचित् क्रोध, अल्पमात्र भी क्रोध, unimportant anger.

अल्पगंधः, अप्पगंधो, पुं० थोड़ी गंध, unimportant smell.

अल्पचेता, अप्प-चेआ, वि० व्याकुल चित्तवाली, painful mind woman.

अल्पजलम्, अप्पजलं, नपुं० थोड़ा जल, कम पानी, small water.

अल्पज्ञ, अप्पण्हु, वि० लघुता युक्त, कुछ जानने वाला, • किंचित् ज्ञापक, small ful, short knowing.

अल्पतनु, अप्पतणु, नपुं० कृशदेह, दुर्बल शरीर, क्षीणकाय, unimportant body, part body.

अल्पतर, अप्पयर, वि० स्वल्पतर, किंचित् मात्र भी, minuteful.

अल्पतर-बन्धः, अप्पयर-बंधो, पुं० हीन प्रकृतियों का बन्ध, • कर्मों की प्रभुता होने के पश्चात् भी किंचित् कर्म प्रकृतियों का बंधन, bonded a kraman low prakriti.

अल्पत्व, अप्पत्त, वि० लघुता, क्षीणता, lower unimportant.

अल्प-दानम्, अप्पदाणं, नपुं० स्वल्पदान, small given up.

अल्पद्वारः, अप्पदारो, पुं० थोड़ा दरवाजा, लघु द्वार, small door.

अल्पदृष्टिः, अप्पदिट्ठि, स्त्री० सूक्ष्मदृष्टि, अदूरवर्ती, • थोड़ा सा उदार, small seeing.

अल्पधनम्, अप्पधणं, नपुं० निर्धन, दरिद्र, poor.

अल्प-धान्य, अप्प-धण्ण, वि० थोड़ा धान्य, कम अनाज, small grain.

अल्पधी, अप्पधी, स्त्री० मोटी बुद्धि, बुद्धि की कमी, faultful knowledge, unimportant knowledge.

अल्पनन्दः, अप्पणंदो, पुं० किंचित्आनंद, unimportant happiness.

अल्पनन्दनः, अप्पणंदणो, पुं० लघुनंदन, छोटा बालक, small son.

अल्पनंदिनी, अप्पणंदिणी, स्त्री० छोटी बालिका, • अबोध बाला, small daughter, small girl.

अल्पपत्रम्, अप्पपत्तं, नपुं० छोटा पत्र, संक्षिप्त समाचार, small news, short news.

अल्पपदम्, अप्पपअं, नपुं० लघु चरण, small feet.

अल्पप्रसज, अप्पससज, वि० कम संतान देने वाली, having unimportant son, or daughter.

अल्पप्रयोगः, अप्पपजोगो, पुं० थोड़ा प्रयोग, • कभी कभी प्रयोग करना, small use, having small use.

अल्प प्राणः, अप्पपाणो, पुं० स्वल्प श्वांस, अनुनासिक अक्षर, हलन्ताक्षर, breath, a nasal

sound,• अल्पप्राण, ध्वनि a sound of unauspicious.

अल्पप्रेमः, अप्पपेम्मो, पुं० कुछ समय के लिए प्रेम सीमित प्रेम, short time love.

अल्पबहुत्व, अप्पबहुत, वि० परस्पर में एक दूसरे से हीनाधिक। in anotherless and unless, • एक दूसरे की अपेक्षा से विशेष प्रतिपत्ति-अल्पबहुत्वं अन्योन्यापेक्षया विशेषप्रतीपत्तिः (स० सि० 1/8)

अल्पबुद्धिः, अप्पबुद्धि, स्त्री० सूक्ष्ममति, a small wit, • अज्ञानी, मूर्ख, • बुद्धि हीन, without knowledge, foolish.

अल्पमतिः, अप्पमइ, स्त्री० मति विहीन, ज्ञान की कमी, • कम ज्ञान युक्त, मूर्ख, • अनजान, • अनभिज्ञ, without knowledge, foolish, unknow.

अल्पमात्रम्, अप्पमेत्तं, नपुं० थोड़ा सा, लघुमात्रा, smaller.

अल्पमूर्ति, अप्पमुत्ति, स्त्री० छोटा कद, लघु बिंब, small idle.

अल्पमूल्यम्, अप्पमुल्लं, नपुं० कम मूल्य, लघु मूल्य, original priceless.

अल्पमेधा, अप्पमेहा, स्त्री० लघुबुद्धि, मूर्ख, अज्ञानी, of small wit.

अल्पवयस्, अप्पवओ, पुं० छोटी अवस्था, छोटी उम्र, लघु उम्र, minor.

अल्पवादिन्, अप्पवाइ, वि० किंचित् कथन करने वाला, लघु वचन शील, some thought.

अल्पविज्ञ, अप्पविण्णु, वि० मूर्ख, बुद्धि हीन, foolish, without knowledge.

अल्पविषयः, अप्पविसओ, पुं० कम आकांक्षा लघु कामना, इन्द्रिय संबंधी छोटी सी अभिलाषा, limited, of small extent.

अल्पशक्तिः, अप्पसत्ति, स्त्री० कम बल, थोड़ी शक्ति, • दुर्बल, कमजोर, weak, powerless.

अल्पशस्, अप्पसस, अव्य० धीरे-धीरे, शनैः शनैः, • क्रमशः] to a small degree, a little.

अल्पसरस्, अल्पसर, नपुं० पोखर, छोटा तालाब, small pond.

अल्पसूत्रम्, अप्पसुत्तं, नपुं० लघु सूत्र, छोटा वाक्य। small sutra, small sentence.

अल्पश्रुतम्, अप्पसुअं, नपुं० थोड़ा सुनना, तुच्छ श्रुतज्ञान, श्रुत/शास्त्र/सिद्धान्त में अल्पता, faultful knowledge, moderate in Sidhadanta.

अल्पहितम्, अप्पहिअं, नपुं० थोड़ा कल्याण, किंचित् हित, little beneficial, small welfare.

अल्पागम, अप्पागम, वि० आगम में अनभिज्ञता। श्रुतशास्त्र का परिचय न करने वाला, unknown in Aagam's not knowledge of sruta.

अल्पाधारः, अप्पाधारो, पुं० लघु आश्रय, थोड़ा सा सहारा, small support.

अल्पायुस्, अप्पाउ, वि० थोड़े समय जीने वाला, living of little two.

अल्पावग्रहः, अप्पावग्गहो, पुं० अल्प/लघु शब्द का ग्रहण, • संगीत के कुछ ही शब्दों का अवग्रह। taking a very small word.

अल्पाहारः, अप्पाहारो, पुं० ऊनोदर, कम आहार, a eating of one time.

अल्पिष्ठः, अप्पिट्ठ, वि० बहुत कम, कम से कम। smaller.

अल्पीयस्, अप्पीजस, वि० कम से कम। थोड़े से थोड़े, smaller, very small.

अल्पेतर, अप्पेयर, वि० महत्, बड़ा, बृहद्, long.

अल्पोपायः, अप्पुवाओ, पुं० लघु उपाय, • थोड़ा, प्रयत्न, small pain, • लघु साधन युक्त।

अल्ला, अल्ला, स्त्री० माता, जननी, दुर्गा, mother Durga.

अल्लीवणम्, अल्लीवणं, नपुं० आलेपन, अन्य पदार्थों के साथ संयोजन, another like, • एक रूपता, • एक के समान दूसरे को करना।

अव्, अव, सक० बचाना, रक्षा करना, to save, • समझाना, • संतुष्ट करना, • इच्छा करना, भावना करना, अनुचिंतन करना, to wish, to understand.

अव, अव, अव्य० निश्चय, पूरा नहीं, अनादर, आलंबन, अल्प, परिभव, तिरस्कार, ascertainment, not full, without

respect, supporting, small, humiliation, • निंदा, • निरोग, • पवित्र, शुद्धि, • विज्ञान, व्यापन, • संकल्प, निश्चय। आश्रय। अनादर, support, respectless, best knowledge, despising, undisease, pure, • अवमूल्यन, • आदेश, show, • नीचे दूर, down off.

अवकट, अवकड, वि० सामने, सम्मुख, facing, present, • पीछे, reversed, • अधोमुख वाला। विनष्टता, opposite, • विपरीत, • विरोधी।

अवकटम्, अवकडं, नपुं० रोक, • निरोध, • निग्रह, check.

अवकथनम्, अवकहणं, नपुं० निश्चयकथन, संकल्प प्रतिपादन, ascertainment thought, • आश्रय पूर्वक विवेचन, respectful thought, • आज्ञा युक्त प्ररूपणा।

अवकर, अवकर, वि० प्रकट करने वाला, being.

अवकरः, अवअरो, पुं० झाडू से उड़ती हुई धूल, sweeping, dust, • धूल झाड़ना, • रजकथ साफ करना, confusion.

अवकर्तः, अवकत्ता, पुं० धज्जी, टुकड़ा, कुतरन, cutting.

अवकर्तनम्, अवकत्तणं/अवकट्टणं, नपुं० काटना, टुकड़ा करना, • काटना, • चर्खा चलाना सूत/धागा बनाना। cutting off.

अवकर्षणम्, अवकस्सणं, नपुं० खींचना, निकालना, बाहर करना, putting down, explusion, extraction.

अवकलित, अवकलिअ, वि० दर्शित, दृष्टिगत। ज्ञात, गृहीत। see, eyeness, knowing, • लिया हुआ, • संग्रह किया गया। taked.

अवकाकः, अवकागो, पुं० अल्प ध्वनि, • तुच्छ स्वर, • तिरस्कृत गूंज, small sound.

अवकाशः, ओगासो, पुं० अवसर, समय, • स्थान, place.

अवकीर्णिन्, अवकिण्णि, वि० बिखरे हुए, • दूषित। घातक, having broken faulted, killed.

अवकुञ्चनम्, ओकुंचणं, नपुं० मोड़, झुकाव, परावर्त, bend, • अप्रसारण, turn, • समूह, grip, • समुदाय, • एक ओर।

अवकुठारः, अवकुट्ठारो, पुं० दुर्गंध युक्त, • असम्भ।

अवकुण्ठनम्, अवकुंठणं, नपुं० परिधि, घेरा। आवृत्त, • आवरण, round, cover.

अवकुण्ठित, अवकुंठिअ/ओंकुठिअ, वि० आवृत्त, घेरा हुआ। पराभृत। परिवेष्ठित। आकृष्ट, covered.

अवकुठार, अवकुढार, वि० उलटा, पीछे, behind.

अवकृष्ट, ओकुट्ट, वि० बहिष्कृत, निकाला गया, • उपेक्षित, dragged along, • बहिर्भूत, inferior, down, • हटाया गया, lowest, • अधम।

अवक्लृप्तिः, अवकिलित्ति, स्त्री० सम्भावना, • उपयुक्तता, approaching.

अवंक्रंदनम्, अवकंदणं, नपुं० उच्च स्वर से बुलाना, calling with loudly.

अवक्रमः, अवक्कमो, पुं० नीचे उतारना, क्रम से उतारना, • ढलान, कर, राजस्व प्राप्ति, falls down.

अवक्रमणम्, अवक्कमणं, नपुं० नीचे आना, ढलान, fall down.

अवक्रयः, अवक्कओ, पुं० मोल, खरीदा, क्रय किया, letting, leasing.

अवक्रयज्ञः, अवक्कजण्णो, पुं० उत्तम यज्ञ, • श्रेष्ठ आहूति। most sacrifice.

अवक्रयत्नः, अवक्कजण्णो, पुं० आदेश, आज्ञा, • उत्तम प्रयत्न, command, instruction.

अवक्रयोगः, अवक्कजोगो, पुं० उत्तम योग, great yoke.

अवक्ररत्नम्, अवक्करयणं, नपुं० उन्नत रत्न, • हीरक, great diamond.

अवक्रराशिः, अवक्करासि, स्त्री० समराशि, • विषम संख्या विहीन राशि, a heap of aquil.

अवक्र-लाभः, अवक्कलहो, पुं० अधिक लाभ, great taking.

अवक्रसमयः, अवक्कसमओ, पुं० एक सा समय, as a exe like time, • सिद्धान्त में निरपेक्षभाव, सापेक्ष दृष्टि, a time of acquit.

अवक्रसंयतः, अवक्कसंजओ, पुं० उत्तम साधक, यथेष्ट संयत, great Sadhaka.

अवक्रसूत्रम्, अवक्कसुत्तं, नपुं० सरल सूत्र, • यथाक्रम पद्धति, not bending.

अवक्रान्तिः, अवक्कंति, स्त्री० उतरना, नीचे जाना, descent, in front going, • सामने जाना, • उतार, • ढलान।

अवक्रिया, अवक्किरिया, स्त्री० परित्याग, leave, abandone, • भूल, विस्मरण, स्मृति में न आना, forget, • ध्यान न देना, • उपेक्षा करना, forgetting.

अवक्रोशः, अवक्कोसो, पुं० तिरस्कार, निंदा, • अपमान, • अपशब्द, अपध्वनि, • ग्लानि युक्त वाक्य, • शिकायत, उलाहना, व्यर्थ का कथन, unrespect, without thought.

अवकेशिन्, अवकेसि, वि० बंजर, फलविहीन, आधार रहित, • केश विमुक्त, no suitable, unsuitable, hearless.

अवकोकिल, अवकोइल, वि० कोयल से पराभूत, • कोयल द्वारा तिरस्कृत, humiliated of cuckoo.

अवक्र, अवक्क, वि० सीधा, सरल, not bending, • अनुकूल, • यथार्थ, • स्पष्ट, favourably, agreeable.

अवक्रगतिः, अवक्कगइ, स्त्री० सरल गति, सीधी गति, • मोक्षगति, मुक्ति।

अवक्रगृहम्, अवक्कगेहं, नपुं० वास्तुगत घर, अच्छी बनावट वाला घर। methodful home, architecture house.

अवक्रचक्रम्, अवक्कचक्कं, नपुं० एक सा चक्र, पूर्ण गोलाकार चक्र, rounding wheel.

अवक्र-छात्रः, अवक्कछत्तो, पुं० सरल छात्र, उदण्डता रहित छात्र, disciplined student.

अवक्र-ज्योतिः, अवक्कजोइ, स्त्री० ऊपर युक्त प्रकाश, higher light.

अवक्कणः, अवक्कणो, पुं० उन्नत ध्वनि का न होना, • कर्कशध्वनि, • अपध्वनि, proud sound, not high sound.

अवक्वाथः, अवक्काथो, पुं० मंदाग्नि, weak digestion.

अवक्तव्य, अवत्तव्व, वि० एक साथ कथन, स्वकीयद्रव्य का विवेचन, one time thought, a thought of one's own self, • जो कथन में न आए, • द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव पूर्वक परकीय वस्तु का विवेचन। a thought of another things.

अवक्तव्यद्रव्यम्, अवत्तव्वदव्वं, नपुं० अवक्तव्य वस्तु, a thoughtless thing, • स्वकीय द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव, दोनों के द्वारा एक साथ कहना।

अवक्तव्य बन्धः, अवत्तव्वबंधो, पुं० जहाँ जीव सर्वथा अबंधक होकर परिणाम के वशीभूत नीचे गिरता है, फिर पुनः बन्धक होता है वहाँ प्रथम समय में अवक्तव्य बन्ध होता है। being unthought bond in first time.

अवक्तव्यविभक्तिः, अवत्तव्व-विहत्ति, स्त्री० यदि जीव सत्कर्म से रहित होकर फिर से सत्कर्म वाला होता है तब वह अवक्तव्य विभक्ति होती है। a apportionment of unthought.

अवक्तव्य-संक्रमः, अवत्तव्वसंकमो, पुं० अनन्तर अधस्तन समय में संक्रमण से रहित होकर वर्तमान समय में यदि संक्रमण अवस्था से परिणत होता है तो उसका यह संक्रमण अवक्तव्य संक्रमण कहलाता है। going from one place to another unthought.

अवक्षेपः, अवक्खेवो, पुं० निंदा, गर्हा, ग्लानि, blame, abuse, • आक्षेप, censure, sing, reproach, • लाञ्छन, • आरोप।

अवखण्डनम्, अवखंडणं, नपुं० विभाग, भेद, विभाजन, pieces, • बांटना, kind, section, division, • एक दूसरे से अलग करना, separation with another.

अवखातम्, अवखाअं, नपुं० गर्त, खड्डा, गड्ढा, खाई, खातिका, ditch, pit, fort around the pit.

अव+गण्, अवगण, अक० उपेक्षा करना, to disregard. to blan, to censure, to insult.

अवगणनम्, अवगणणं, नपुं० कुछ न मानना, अवज्ञा, तिरस्कार, pay no attention, • निंदा,

contempt, disregard, blame, • अपमान, • आरोप, लाञ्छन, • विरोध, • मान भंग करना, censure, reproach, not to give, importance.

अवगण्डः, अवगंडो, पुं० कपोल, फोड़ा, • फुंसी, cheek, tumour. pimple upon.

अवगत, अवगअ, वि० जाना हुआ, • प्राप्त। ज्ञात हुआ, • पहुँचा, knowed, taked.

अवगति, अवगइ/ओगइ, स्त्री० जानना, ज्ञात करना, • समझ, • प्रत्यक्षीकरण, knowing, • अच्छा ज्ञान, known, correct knowledge, • उचित जानकारी, pure knowledge, • दृढ़ता।

अवगथ, ओगह, वि० प्रातः स्नान करने वाला, morning bath.

अवगथम्, ओगहं, नपुं० प्रातः स्नान, morning bath.

अवगमः, ओगमो, पुं० जानता, समझना, • जाना, to go deep into understand, go, know, • पहुँचना, प्रत्यक्षीकरण, • ज्ञात, • अधोगमन, नीचे की ओर गति करना, falls down.

अवगाढ, ओगाढ, वि० स्नान, नहाया हुआ, bathed, • प्रगाढ, गहरा, गंभीर, • दृढ़, शक्तिशाली, deep, impervious, • निबद्ध, संनद्ध, डूबा हुआ, • प्रविष्ट, समाहित, tied down, crowded together, collected.

अवगाढकर्मन्, ओगाढकम्मं, नपुं० दृढ़कर्म, प्रबलकर्म, strong karman, hard karman.

अवगाढ-दानम्, ओगाढदाणं, नपुं० प्रबल दान, • अच्छा दान, पात्रोचित दान, certain given up, give up of suitable person.

अवगाढरुचिः, ओगाढरुइ, स्त्री० दृढ़ श्रज्ञान, • सम्यक् रुचि, firm respecting, • द्वादशांग-वाणी पर अपूर्वश्रद्धा, respected in twelve-Aagam's.

अवगाढ-सम्यक्त्व, ओगाढसम्मत्त, वि० दृढ़ श्रद्धान, • आगम विचारों पर अपूर्व विश्वास, firm respect a respect in Aagam's thought, • क्षीणमोह वाले की अपूर्व श्रद्धा, best respect of attachment, खीणमोहस्स सद्दाण अगंग-वयणे रुई।

अवगाहः, अवगाहो, पुं० निमग्न, तल्लीन, संनद्ध। tied down, • स्नान, bath, • डुबकी, to immerse in a river, • डुबकी लगाना, take a bath, bathroom, • नहाना, being enter,• स्नानागार, • प्रविष्ट होना, • डूबना।

अवगाहनम्, अवगाहणं, नपुं० स्नान, संनद्ध, निमग्न, समावेश। प्रविष्ट, bath, tied down, entered.

अवगाहित, ओगाहिअ, वि० स्नान युक्त, समाहित, • आलोचित, • मान्य, bathful, attached, idea, criticise.

अवगीत, अवगीअ, वि० कुत्सित, निंदित, • अपमानित, • गर्हित, familiar, defamed, famed.

अवगीतम्, अवगीअं, नपुं० निन्दा, गर्हा, blame, • आरोप, लोकापवाद, परिहास, उपहास, abuse, reproach.

अवगुणम्, अवगुणं, नपुं० अपराध, दोष, आरोप, निंदा, गर्हा, • आक्षेप, • दुर्गुण, guilt, fault, charge, burden, blame, abuse.

अवगुण्ठम्, अवगुंठं, नपुं० घूंघट, बुर्का, ओढ़नी, पर्दा, • आवरण, veiling, covering.

अवगुण्ठनम्, आगुंठणं, नपुं० आच्छादन, आवरण, • पर्दा, • ओट, • बुर्का, जविनिका, covering, veiling, veil.

अवगुण्ठिका, ओगुठिगा, स्त्री० पर्दा, जवनिका, बुर्का, • मिट्टी में लेटना, cover, veiling.

अवगुण्ठित, ओगुंठिअ, वि० घूंघट युक्त, आच्छादित, आवरित, veiled, covered.

अवगूढ, ओगूढ, वि० व्याप्त, आवृत, pervaded, covered, • आलिंगित, • आच्छादित, embraced, clasped.

अवगोरणम्, ओगोरणं, नपुं० आक्रमण करना, घात लगाना, attacking, • मारने के लिए उठना, • धमकाना, for killing gone.

अवग्रहः, अवग्गहो/ओग्गहो, पुं० बाधा, व्यवधान, •

